# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या – पी॰आर॰ 434/2023

**(PM-USP CSSS)**

**सेन्ट्रल सेक्टर स्कीम ऑफ स्कॉलरशिप फॉर कॉलेज एण्ड यूनीवर्सिटी स्टूडेंट्स**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में उत्तीर्णता प्राप्त TOP 20th Percentile विद्यार्थियों की सूची समिति की वेबसाईट **http://biharboardonline.bihar.gov.in** पर उपलब्ध है। सेन्ट्रल सेक्टर स्कीम ऑफ स्कॉलरशिप फॉर कॉलेज एण्ड यूनीवर्सिटी योजना के तहत **छात्रवृत्ति प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन किया जाना है।** ऑनलाईन आवेदन करने हेतु **NSP (नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल) 01 अक्टूबर 2023 से खुला है।** छात्र/छात्रा विस्तृत जानकारी हेतु **www.scholarship.gov.in** पर Login कर सकते हैं।

1. छात्र/छात्रा NSP पर आवेदन करते समय अपना रौल कोड एवं रौल नम्बर निम्न प्रकार से प्रविष्ट करेंगे। उदाहरणस्वरूप –

| Roll Code | - | Roll No. |
|---|---|---|
| 11066 | - | 23010013 |

2. आवेदक को NSP के अन्य शर्त्तों का भी अनुपालन करना आवश्यक होगा।
3. आवेदक के अभिभावक का सभी स्रोतों से वार्षिक आय **4.5 लाख रूपये** से अधिक नहीं होनी चाहिए।
4. **+2, स्नातक एवं तकनीकी** स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों के प्रधान को निदेश दिया जाता है कि उक्त योजना से संबंधित जानकारी छात्र/छात्रा को देने एवं जागरूकता फैलाने हेतु अपने शिक्षण संस्थान के सूचना पट्ट पर भी विज्ञापन की प्रति चिपकाना सुनिश्चित करेंगे, साथ ही पम्पलेट आदि के माध्यम से एवं स्थानीय स्तर पर छात्र/छात्राओं के बीच सूचना पहुँचाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करेंगे, ताकि बिहार के अधिक से अधिक छात्र/छात्राएँ इस योजना का लाभ ले सकें।
5. बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा उक्त योजना से संबंधित सिर्फ जानकारी ही छात्र/छात्राओं को उपलब्ध करायी जाती है। स्कॉलरशिप की राशि का भुगतान भारत सरकार द्वारा DBT (Direct Benefit Transfer) प्रोग्राम के तहत लाभुक के खाते में किया जाता है। अतः बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से छात्रवृत्ति के भुगतान से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।
6. योजना के लाभ हेतु आवेदन की अंतिम तिथि से संबंधित सूचना समिति की वेबसाईट पर उपलब्ध करा दी जाएगी।

निदेशक (शैक्षणिक)

Scanned with CamScanner